CITY PLUS

लेफ़्टिनेंट जनरल अरुण कुमार साहनी राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में होंगे शामिल

अरुण कुमार साहनी

इंदौर | श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय इंदौर के तत्वावधान में, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा और सुरक्षा मानकों (एनसीएसएसएस) के सहयोग से 25 जुलाई दोपहर 2 बजे से साइबर सुरक्षा पर तृतीय राष्ट्रीय स्तरीय कॉन्क्लेव सजग- 2020 का ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य विषय "ऑपर्च्यूनिटी एंड चैलेंजेस फॉर साइबर सिक्यूरिटी इन द एरा ऑफ इंडस्ट्री 4.0" है। पुरूषोत्तम दास पसारी, चांसलर एसवीवीवी ने बताया कि कोविड -19 महामारी की वर्तमान स्थिति में इंटरनेट के उपयोग में अत्यधिक वृद्धि हुई है, अतः साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं, इसलिए साइबर सुरक्षा की सामान्य जानकारी की जागरूकता आवश्यक है। डॉ. उपिंदर धर, वाइस चांसलर एसवीवीवी ने बताया कि सजग- 2020 के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अरुण कुमार साहनी, पूर्व जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, इंडियन आर्मी होंगे। संतोष खड़सरे (साइंटिस्ट) और भार्गव बदाला, इंफॉर्मेशन सिक्यूरिटी मैनेजर, मर्सिडीज-बेंज रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंडिया मुख्य वक्ता एवं डॉ. वृंदा टोकेकर, प्रोफेसर एंड हेड, आईटी डिपार्टमेंट, आईईटी देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, मॉडरेटर के रूप मे शामिल होंगे। कॉन्क्लेव में शिक्षक, इंडस्ट्री पर्सन एवं विद्यार्थी सभी भाग ले सकते हैं। रजिस्ट्रेशन पूर्णतः ऑनलाइन एवं निशुल्क है। पंजीकरण के लिए www.sajag.svvv.edu.in पर विजिट कर सकते हैं।